NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

प्रेस नोट

दिनांक 25.01.2019

प्रिय सम्पादक महोदय,

....

....

विषयः— महामंत्री / NCRES ने बैठक कर PNM में निर्णित मुद्दों को इलाहाबाद की शाखाओ को कराया अवगत ।

महोदय,

आज दिनांक 25 जनवरी 2019 को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे ईम्पलाईज संघ (NCRES) के 464 बी नवाब यूसुफ रोड, इलाहाबाद स्थित सेन्ट्रल कार्यालय में NCRES के महामंत्री श्री आर.पी. सिंह ने एक बैठक की जिसमें इलाहाबाद की समस्त स्थानीय शाखाओं ने भाग लिया । बैठक में महामंत्री श्री आर.पी.सिंह ने दिनांक 23 / 24 जनवरी 2019 को महाप्रबन्धक स्तर पर सूबेदारगंज स्थित अरावली मीटिंग हाल में सम्पन्न NCRES की PNM बैठक में हुए निर्णीत मुद्दे के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने कहा कि NCRES की PNM बैठक में लिऐ गये निर्णयों के बारे में जमीनी स्तर पर कर्मचारियों को बताये ताकि उसका लाभ आखिरी पंक्ति के कर्मचारी तक पहुँचे।

PNM बैठक में लिए मुख्य फैसले —

1) PNM मीटिंग के एक माह बाद यूनियन के साथ एक रिवियू मीटिंग की जायगी जिसमें PNM में निर्णित फैसलो के क्रियान्वयन की समीक्षा की जायगी ।

2) GDCE (जनरल डिपार्टमेंटल काम्पीटेटिव इग्जाम) की परीक्षा जल्द करायी जाएगी जिससे तमाम ग्रुप C&D स्टाफ को प्रमोशन मिलेगा ।

3) S&T विभाग के कर्मचारियो के लिए नया ड्रेस कोड स्काई ब्लू शर्ट एवं डार्क ब्लू पैन्ट जारी किया जाएगा । वर्तमान कोड के तहत शर्ट एवं पैंट का रंग सिलेटी हैं ।

4) S&T स्टाफ को झाँसी एवं आगरा में सेफ्टी शूज दे दिये गये हैं । इलाहाबाद में तीन माह के अन्दर दे दिये जायेंगे।

5) समस्त क्रू लाबी में गार्ड के ब्रेकवान में कुर्सी, पंखे, टायलेट आदि फिटिंग में आयी खराबी दूर करने के लिए शिकायत पुस्तिका रखी जाएगी जिसे C&W विभाग द्वारा त्वरित रूप से ठीक किया जाएगा। इसकी मानिटरिंग कम्प्यूटर द्वारा की जाएगी।

6) एस. एण्ड. टी स्टाफ की कार्य के दौरान रनओवर हो जाने से मृत्यु की घटनाओं में इजाफा को देखते हुये उन्हे सायरन वितरित किये जायेगें।

7) आपरेटिंग विभाग मालगाड़ियों के गार्ड के चार चक्के वाले ब्रेकवानों को हटा कर सभी ब्रेकवान आठ चक्के वाले करेगा ताकि डियूटी पर गार्ड को असुविधा न हो । इसके अलावा टायलेट सहित अन्य सुविधाओं वाले ब्रेकवानों की नयी डिजाईन स्वीकृति के लिए रेलवे बोड को भेजी गयी हैं ।

8) मार्च / 2019 तक सभी टाइप III की एवं टाइप IV के आवासों में AC प्वांट लगा दिये जाएेंगे।

9) कर्मचारी के रिटायर होने के 6 माह पूर्व कैम्प लगाकर उसको सर्विस रिकार्ड दिखा कर उनकी सभी वेतन सम्बंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा ।

10) NCRES की मांग पर जुलाई 2017 का ड्रेस अलाउन्स दिया जा चुका है एवं 2018 का ड्रेस अलाउन्स शीघ्र लगाया जाएगा।

11) रनिंग कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के वेतन के अनुसार 1% Average Milage Allowance (AMA) दिया जाएगा ।

12) जूनियर इंजीनियर 20% कोटे की विभागीय परिक्षाओं में शामिल होने हेतु 3 वर्ष की सार्विस की योग्यता में ट्रेनिग पीरियड को शामिल किया जाएगा ।

13) इलाहाबाद मंडल में दो ग्रुप–डी महिलाओं को 1300 ग्रेड पे का वेतन दिया जा रहा था जिसे सातवें वेतन आयोग ने समाप्त कर दिया था। उनका वेतन मीटिंग के दौरान ही सही कर 7000 से बढ़ा कर 21000 कर दिया गया एवं 3 लाख से ज्यादा ऐरियर देने के आदेश कर दिया गया ।

14) लोको पायलट की विभागीय परिक्षा के माडल प्रश्न वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

15) इन्जीनियरिंग विभाग के JE & SSE को भी साप्ताहिक रेस्ट दिया जाएगा ।

16) कोरल क्लब में कर्मचारियों के लिए खेल कूद की व्यवस्था करने हेतू कार्य कराया जाएगा ।

17) S&T विभाग के कर्मचारियो के लिए पूरे मंडल में आवश्यक्तानुसार प्री फैब्रीकेटड डियूटी रूम बनाये जाएगें ।

18) सभी रनिंग रूम सितम्बर 2019 तक AC कर दिये जाएगें ।

19) NCRES की मॉग पर सातवे वेतन के तहत रिवाइजड PPO www.arpan.railnet.gov.in पर अपलोड कर दिये जा रहे है।

20) रेलवे अस्पताल में अब स्पेशलिस्ट डाक्टर को दिखाने हेतु अब मरीजों से पैसा नहीं लिया जाएगा एवं राशि को स्पेशलिस्ट डाक्टर को NEFT द्वारा भुगतान किया जायेगा।

अन्त में महामंत्री ने बताया कि अभी बहुत से मुद्दे और है जिनके नोट विस्तार में आगे बताया जाएगा ।

बैठक में मुख्य रूप से श्री एस.के.मिश्रा, श्री गोबिन्द सिंह, श्री आलोक सहगल, श्री श्यामजी शुक्ला, श्री राजव वर्मा , रजनीकान्त आदि एवं समस्त शाखाओं के पदाधिकारियों मौजूद रहे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री